फतेहगढ़ पुलिस

मोहर्रम व रक्षाबंधन को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शांति की अपील

फतेहगढ़, समृद्धि न्यूज

मोहर्रम और रक्षाबंधन के त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के नजरिये से कोतवाली नगर और फतेहगढ़ में शांति कमेटी की बैठक की गयी। जिसमें धर्म गुरुओं और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने मौजूदा माहौल शांति व्यवस्था बनाये रखने का आह्वान किया।

बताते चलें कि 12 अगस्त को रक्षाबंधन है व इसी के आसपास 10वीं मोहर्रम का त्योहार होगा। दोनों त्योहार नजदीक आ रहे की स्थिति में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निमित्त वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से प्रयास हुए। जिसके अनुपालन में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बैठक बुलाकर आह्वान किया गया। कोतवाली नगर में सीओ सिटी प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोहर्रम त्योहार के नेक, धर्म गुरु व समाजसेवियों ने भागीदारी की। इस मौके पर कहा गया कि फतेहगढ़वासी गंगा जमुनी तहजीब का हामी है। इसमें कभी भी कैसी भी स्थिति में अशांति पैदा नहीं हुई। सीओ सिटी को मौजूदा लोगों ने आश्वासन दिया कि सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाये जायेंगे। बैठक में अपर प्रभारी निरीक्षक राजेश, हाजी इस्तियाक खां, पप्पन मिश्रा कानपुरी, हाजी मुन्नाबाबा सिंह, संजय गर्ग, मुकेश गुप्ता, आफताब हुसैन, राकेश सक्सेना समेत बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर फतेहगढ़ में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में समाजसेवियों ने त्योहार पर शांति बनाये रखने का आह्वान किया। शान्तिबोध कमेटी, मोहर्रम कमेटी व मौलानाओं ने इस मौके पर उपस्थित होकर शांति की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी व समाजसेवी — समृद्धि न्यूज

मीडिया सेल